# भारत की टेस्ट में सबसे बड़ी ऐतहासिक जीत

## ➡अफगानिस्तान को 300 रन से हराया : वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप ने चमक बिखेरी

**मुल्लांपुर, 08 जून वॉशिंगटन सुंदर ( चार विकेट ), कुलदीप यादव ( तीन विकेट ) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने एकमात्र टेस्ट मैच के तीसरे दिन सोमवार को फॉलोऑन खेल रही अफगानिस्तान को दूसरी पारी में 112 पर ढेर कर पारी और 300 रनों से जीत दर्ज की. यह टेस्ट क्रिकेट में भारत की सबसे बड़ी जीत है.**



चायकाल के बाद भारतीय गेंदबाजों ने मात्र 14 रन देकर अफगानिस्तान के शेष बल्लेबाजों करे पवेलियन भेज दिया. शराफउद्दीन अशरफ चोट के कारण बल्लेबाजी करने नहीं उतरे. आज के दिन कुल 14 विकेट गिरे, जिसमें पांच विकेट अफगानिस्तान की पहली पारी में गिरे थे और फॉलोऑन खेलने उतरी अफगानिस्तान दूसरी पारी में मात्र 112 रन ही बना पाई. दूसरी पारी में वॉशिंगटन ने चार और कुलदीप ने तीन विकेट लिए जबकि सुथार और सिराज को एक-एक विकेट हासिल हुआ. दूसरी पारी में अफगानिस्तान की ओर से सेदिकुल्लाह अटल ने सर्वाधिक 42 रन बनाए. भारत ने यह मुकाबला पारी और 300 रनों से जीत लिया. यह मैच मानव सुथार के ड्रीम डेब्यू के लिए याद किया जाएगा जिन्होंने पहली पारी में छह विकेट हासिल किए और भारत को पहली पारी में 412 रनों की बढ़त दिलाने में उन्होंने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. चायकाल के बाद 32वें ओवर में मानव सुथार ने अफसर जजाई (आठ) को आउट कर भारत का छठी सफलता दिलाई. इसके बाद अज़मतउल्लाह ओमरजई (चार) को वॉशिंगटन सुंदर ने आउट किया. वहीं 36वें ओवर की चौथी और पांचवीं गेंद पर कुलदीप यादव ने नांगेलिया खरोटे (छह) और मोहम्मद सलीम (शून्य) को आउट कर 112 रनों के स्कोर पर अफगानिस्तान की पारी का अंत कर दिया. भारत की ओर से वॉशिंगटन सुंदर ने 11 ओवरों में 36 रन देकर चार विकेट झटके.

### स्पिनरों ने दिलाई टेस्ट इतिहास सबसे बड़ी जीत

लेप्ट आर्म स्पिनर मानव सुथार ( कुल सात विकेट ), ऑफ स्पिनर वॉशिंगटन सुंदर (पांच विकेट) और चायना मैन गेंदबाज कुलदीप यादव (तीन विकेट) की दमदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने एकमात्र टेस्ट मैच के तीसरे दिन सोमवार को फॉलोऑन खेल रही अफगानिस्तान को दूसरी पारी में 112 पर ढेर कर यह मुकाबला पारी और 300 रनों से जीत लिया. यह भारत के अपने टेस्ट क्रिकेट इतिहास की सबसे बड़ी जीत है. मानव सुथार को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला. मानव सुथार ने अपने पर्दापण टेस्ट की पहली पारी में छह और दूसरी पारी में एक विकेट लिया. वही वॉशिंगटन सुंदर ने कुल पांच विकेट और कुलदीप यादव ने तीन विकेट झटक कर भारत की सबसे बड़ी टेस्ट जीत दिलाने में अहम योगदान दिया. चायकाल के बाद भारतीय गेंदबाजों ने मात्र 14 रन देकर अफगानिस्तान के शेष चार बल्लेबाजों करे पवेलियन भेज दिया. शराफउद्दीन अशरफ चोट के कारण बल्लेबाजी करने नहीं उतरे. आज के दिन कुल 14 विकेट गिरे, जिसमें पांच विकेट अफगानिस्तान की पहली पारी में गिरे थे और फॉलोऑन खेलने उतरी अफगानिस्तान दूसरी पारी में मात्र 112 रन ही बना पाई. दूसरी पारी में वॉशिंगटन ने चार और कुलदीप ने तीन विकेट लिए जबकि सुथार और सिराज को एक-एक विकेट हासिल हुआ. दूसरी पारी में अफगानिस्तान की ओर से सेदिकुल्लाह अटल ने सर्वाधिक 42 रन बनाए. भारत ने यह मुकाबला पारी और 300 रनों से जीत लिया. यह मैच मानव सुथार के ड्रीम डेब्यू के लिए याद किया जाएगा जिन्होंने पहली पारी में छह विकेट हासिल किए और भारत को पहली पारी में 412 रनों की बढ़त दिलाने में उन्होंने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

### एक नजर में

### हमें गेंदबाजों पर भरोसा था, वे 20 विकेट लेंगे

**मुल्लांपुर.** भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने सोमवार को अफगानिस्तान पर मिली बड़ी टेस्ट जीत को लेकर कहा कि हमें अपने गेंदबाजों पर भरोसा था कि वे 20 विकेट ले सकते है. अफगानिस्तान पर सबसे बड़ी टेस्ट जीत दर्ज करने के बाद शुभमन गिल ने कहा कि हमने सभी बॉक्स टिक किए और इस जीत से बेहद खुश हैं. यहां काफी गर्मी थी, इसलिए हमने सोचा था कि हम लंच से पहले या दूसरे सत्र में पहले ड्रिंक्स ब्रेक से पहले उन्हें आउट कर लेते हैं तो उन्हें दोबारा बल्लेबाजी देंगे नहीं तो हमारी योजना थी कि हम कुछ सत्र बल्लेबाजी करेंगे और फिर गेंदबाजी के लिए आएंगे. जब आप पहले बल्लेबाजी करते हैं तो 350 से बड़ा स्कोर बनाने पर ध्यान देना है, हमें अपनी गेंदबाज पर भरोसा है कि हम 20 विकेट ले सकते हैं. हम यह जांचने की कोशिश कर रहे हैं कि अलग-अलग परिस्थितियों में कैसी बल्लेबाजी कर सकते हैं. प्लेयर ऑफ द मैच मानव सुथार ने कहा कि टेस्ट मैच इतना आसान नहीं है. यह सपना सच होने जैसा है. यह बेहद अनरियल फीलिंग थी. जब बल्लेबाजी करने गया था तो अच्छा लग रहा था, दो चार गेंदें खेलने के बाद सेटल हुआ.



### डीपीवीएल फेज 2 में खिलाड़ियों की भागीदारी

**नयी दिल्ली.** दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग (डीपीवीएल) ने रविवार को अपने फेज 2 ट्रायल्स का सफलतापूर्वक समापन किया. इन ट्रायल्स में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया. इतनी संख्या में खिलाड़ियों की भागीदारी लीग के टैलेंट आइडेंटिफिकेशन प्रोग्राम के प्रति बढ़ते राष्ट्रीय विश्वास और रुचि को दर्शाती है. खिलाड़ियों का इतना उत्साह, प्रतिस्पर्धात्मक रवैया और खेल कौशल यह साबित करता है कि भारत के वॉलीबॉल इकोसिस्टम में अपार प्रतिभा मौजूद है, जो सही मंच न होने की वजह से बाहर नहीं आ पा रही है. ट्रायल्स के दौरान दिल्ली ओलंपिक एसोसिएशन के सीईओ कुलदीप वत्स तथा दिल्ली वॉलीबॉल एसोसिएशन के सभी सदस्य मौजूद रहे. ट्रायल्स के बाद डीपीवीएल की संस्थापक नीति रावत ने कहा, 'जिसकी शुरुआत सिर्फ एक विजन के रूप में हुई थी, वह अब धीरे-धीरे वास्तविकता का रूप ले रही है. हर ट्रायल, हर खिलाड़ी और इस यात्रा से जुड़ने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ डीपीवीएल केवल एक लीग नहीं, बल्कि वॉलीबॉल के लिए एक आंदोलन खड़ा कर रही है.'



### हर युवा क्रिकेटर के पास होगा ट्रेनिंग का मौका

**नयी दिल्ली.** देश में ऐसे लाखों युवा हैं, जो क्रिकेट में आगे बढ़ना चाहते हैं, लेकिन अच्छी कोचिंग और सही मार्गदर्शन हर किसी को नहीं मिल पाता. इसी परेशानी को दूर करने के लिए एआई आधारित क्रिकेट ट्रेनिंग प्लेटफॉर्म काबुनी लॉन्च किया गया है. इसका उद्देश्य खिलाड़ियों तक बेहतर और आधुनिक ट्रेनिंग पहुँचाना है. काबुनी की मदद से खिलाड़ी अपने खेल का तुरंत विश्लेषण देख सकते हैं और जान सकते हैं कि उन्हें कहां सुधार की जरूरत है. यह तकनीक बल्लेबाजी और खेल से जुड़ी कई अहम बातों पर नजर रखती है और उसी के आधार पर सुझाव देती है. काबुनी के साथ क्रिकेट जगत के बड़े नाम भी जुड़े हैं. सौरव गांगुली, शेन वॉटसन, एबी डिविलियर्स और श्रेयस अय्यर सुपर कोच के रूप में युवा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे. इससे खिलाड़ियों को बड़े क्रिकेटर्स से सीखने का मौका मिलेगा.

# एला ने जीता बर्मिंघम ओपन

**एला ने फाइनल में दिखाया शानदार जुझारूपन**

### 3 सेटों में बार्टुनकोवा को हराया



**बर्मिंघम, 08 जून: फिलीपींस की उभरती हुई टेनिस स्टार लेक्जेंड्रा एला ने शानदार संघर्ष और अदम्य जज्बे का परिचय देते हुए बर्मिंघम ओपन का खिताब अपने नाम कर लिया. रविवार को खेले गए महिला एकल फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त एला ने पांचवीं वरीयता प्राप्त चेक खिलाड़ी निकोला बार्टुनकोवा को 5-7, 6-3, 7-5 से पराजित किया.**

तीन सेट तक चले इस रोमांचक मुकाबले में एला ने एक सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी की और अपने करियर का दूसरा डब्ल्यूटीए 125 एकल खिताब हासिल किया. करीब दो घंटे 38 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला. पहला सेट बार्टुनकोवा ने 7-5 से जीतकर बढ़त बनाई, लेकिन इसके बाद एला ने अपने खेल का स्तर ऊंचा करते हुए दूसरे सेट में 6-3 से जीत दर्ज कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया. निर्णायक तीसरे सेट में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर रही, मगर अहम मौकों पर संयम बनाए रखते हुए एला ने 7-5 से सेट और मैच अपने नाम कर लिया. 21 वर्षीय एला पूरे टूर्नामेंट में शानदार लय में नजर आईं. दुनिया की 37वें नंबर की खिलाड़ी ने प्रतियोगिता के दौरान केवल दो सेट गंवाए और लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया. निर्णायक मुकाबले में उन्होंने तीन महत्वपूर्ण ब्रेक पॉइंट बचाए, जो अंततः उनकी जीत में अहम साबित हुए. यह खिताब एला के लिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि पिछले वर्ष ग्वाडलजारा ओपन जीतने के बाद यह उनका पहला डब्ल्यूटीए 125 एकल खिताब है. बर्मिंघम में मिली सफलता ने न केवल उनके आत्मविश्वास को नई ऊंचाई दी है, बल्कि आगामी बड़े टूर्नामेंटों के लिए भी उन्हें मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित किया है.

> खिताब जीतने के बाद भावुक नजर आईं एला ने कहा, 'आज यह ट्रॉफी उठाना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है. यह जीत मुझे आगे और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करती है. मैं अभी खुद को महान खिलाड़ियों की श्रेणी में नहीं मानती, लेकिन यह उपलब्धि मेरी यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है. फाइनल बेहद कठिन था और मैच किसी भी खिलाड़ी के पक्ष में जा सकता था. अंत में थोड़ी किस्मत, दृढ़ इरादे और आत्मविश्वास ने मुझे जीत दिलाई.' बर्मिंघम ओपन में मिली यह जीत एला के करियर में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में दर्ज हो गई है.

# डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में न्यूजीलैंड नीचे

**लंदन, 08 जून इंग्लैंड दौरे की शुरुआत रविवार को लॉर्ड्स में पहले टेस्ट में 115 रन की निराशाजनक हार के बाद न्यूजीलैंड टीम 2025-27 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में दूसरे से चौथे स्थान पर खिसक गई है.**



इस मैच में बारिश ने खलल डाला, वहीं पिच के असमान उछाल पर भी सवाल उठे. पहली पारी में इंग्लैंड के 140 रन पर ऑलआउट होने के बाद, उनके गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को 113 रन पर समेट दिया. दूसरी पारी में एमिलियो गे ने शानदार 57 रन बनाकर मेजबान टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई और इंग्लैंड ने 226 रन बनाए. हालांकि, न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी में संघर्ष जारी रहा. बारिश से प्रभावित तीसरे दिन 10 ओवर से भी कम का खेल हो सका. चौथे दिन की शुरुआत 55/5 के स्कोर से करने के बावजूद, ग्लेन फिलिप्स की 44 रन की नाबाद जुझारू पारी के बावजूद न्यूजीलैंड की टीम 138 रन पर सिमट गई. तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन इस मैच के स्टार रहे; उन्होंने पहली पारी में पांच विकेट लेने के बाद दूसरी पारी में बल्ले से उपयोगी 29 रन बनाए और 2/38 के आंकड़े भी हासिल किए.

### कविता चंद ने रचा इतिहास

**नयी दिल्ली.** भारतीय पर्वतारोही और एंड्योरेंस एथलीट कविता चंद ने 6,190 मीटर ऊंची डेनाली चोटी पर सफलतापूर्वक पहुंचकर एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। डेनाली उत्तरी अमेरिका की सबसे ऊंची पर्वत चोटी है और इसे फतह करने के साथ कविता ने दुनिया के 7 महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर चढ़ाई करने के अपने '7 समिट्स मिशन' में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर लिया है. उत्तराखंड के अल्मोड़ा में जन्मी और पली-बढ़ीं कविता वर्तमान में मुंबई में रहती हैं। उन्होंने वर्ष 2024 में अपनी कॉर्पोरेट नौकरी छोड़कर लंबी दूरी की दौड़ और पर्वतारोहण को पूर्णकालिक रूप से अपनाया.

# भारत ने वेस्टइंडीज को हराया

**कार्डिफ, 08 जून भारती फूलमाली ( नाबाद 56 ) के बाद श्रेयंका पाटिल ( चार विकेट ) और राधा यादव ( तीन विकेट ) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने सोमवार को टी-20 विश्वकप से पहले खेले गये अभ्यास मैच में वेस्टइंडीज को 26 रनों से हरा दिया.**



180 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की महिला टीम भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 158 रन ही बना सकी और 26 रनों से मुकाबला हार गई. डिएंड्रा डॉटिन और शमैन कैंपबेल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 63 रन जोड़े. नौवें ओवर में शमैन कैंपबेल (25) रिटायर आउट हुई. इसके बाद श्रेयंका पाटिल और राधा यादव ने वेस्टइंडीज के

# पीवी सिंधु और आयुष शेट्टी करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई

**सिडनी, 08 जून ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु, एचएस प्रणय और आयुष शेट्टी मंगलवार से शुरु हो रहे ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में 24 सदस्यीय भारतीय शटलर टीम की अगुवाई करेंगे.**



पिछले साल पुरुष एकल का खिताब जीतने वाले लक्ष्य सेन और पूर्व चैंपियन किदांबी श्रीकांत भी इस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेंगे.सिडनी के ओलंपिक बुलेवार्ड स्थित क्वेसेंटर में महिला एकल ड्रॉ में सिंधु आठ खिलाड़ियों की बड़ी टीम का अगुवाई करेंगी. मालविका बंसोद, अनमोल खरब, तन्वी शर्मा, इशरानी बरुआ, आकर्षी कश्यप और तान्या हेमनाथ भी मेन ड्रॉ में शामिल हैं, जबकि इमाद फारूकी सामिया क्वालिफायर से शुरुआत करेंगी. ऑस्ट्रेलिया बैडमिंटन ओपन में महिला युगल में कोई भी भारतीय जोड़ी शामिल नहीं है. एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी सिडनी में पुरुष युगल ड्रॉ का हिस्सा नहीं होंगे, क्योंकि पिछले हफ्ते इंडोनेशिया ओपन के दौरान सात्विक के कंधे में चोट लग गई थी.

### 16 सदस्यीय भारतीय दल तीरंदाजी विश्वकप स्टेज 3 में लेंगे हिस्सा

**अंताल्या ( तुर्की ).** ओलंपियन दीपिका कुमारी और अतनु दास शुरू होने वाले तीरंदाजी विश्व कप 2026 स्टेज 3 में 16 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी. यह चार स्टेज वाले आर्चरी वर्ल्ड कप 2026 सर्किट का दूसरा आखिरी पड़ाव है; इसके बाद जुलाई में मैड्रिड में आखिरी स्टेज का आयोजन होगा. अंताल्या तीरंदाजी मीट में 42 फ़ेडरेशनों के 332 रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाज 9 से 14 जून के बीच पदक के लिए मुकाबला करेंगे. इस दौरान वर्ल्ड कप फाइनल के लिए क्वालिफिकेशन के अहम अंक भी दांव पर होंगे. भारत ने अंताल्या तीरंदाजी विश्व कप के लिए 16 सदस्यों की टीम भेजी है.

# मां-बेटी की जोड़ी केमी और किमानी ब्लेक परिवर्तनकारी शक्ति की कायल

**अहमदाबाद, 08 जून विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली अमेरिका की मां-बेटी की जोड़ी केमी और किमानी ब्लेक योग की परिवर्तनकारी शक्ति की कायल हैं.**




उन्होंने इस चैंपियनशिप से पहले अहमदाबाद स्थित साई सेंटर में प्रशिक्षण लेने वाली अमेरिकी जोड़ी ने अपने पेशेवर करियर को बेहतर बनाने के लिए योग अपनाया था. मां और बेटी, दोनों को अपने सपनों का पीछा करने और रोजमर्रा की जिंदगी के दबावों के बीच मानसिक संतुलन बनाए रखने में योग ने नई दिशा दी. इसी योग की बदौलत इस सप्ताह अहमदाबाद के ईकेए एरिना में दोनों ने इतिहास रच दिया. 35 वर्षीय केमी ने बैक बेंड व्यक्तिगत वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि किमानी ने जूनियर आर्टिस्टिक व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया.

केमी ने कहा, 'मैं कई वर्षों से योग का अभ्यास कर रही हूं, लेकिन मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं यहां विश्व योगासन चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करने आऊंगी. मुझे लगता था कि मैं भारतीय खिलाड़ियों के सामने मुकाबला करने के लिए पर्याप्त अच्छी नहीं हूं. लेकिन रोमानिया की एक खिलाड़ी, जो मेरे इंस्टाग्राम पेज को फॉलो करती थीं, उन्होंने मुझे भाग लेने के लिए प्रेरित किया.

**सख्ती** ▶ ब्राजील को विश्व कप से पहले झटका। जांघ की चोट के कारण बाहर हुए वेस्ली

# चोटिल वेस्ली बाहर, कोच ने एडरसन को बुलाया



**ब्रासीलिया, 08 जून: विश्व कप अभियान शुरू होने से ठीक पहले ब्राजील की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम को बड़ा झटका लगा है. टीम के प्रमुख डिफेंडर वेस्ली चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं.**

उनकी जगह अनुभवी मिडफील्डर एडरसन को ब्राजील की 26 सदस्यीय विश्व कप टीम में शामिल किया गया है. मुख्य कोच कार्लो एंसेलोटी ने इस बदलाव की पुष्टि करते हुए कहा कि टीम को वेस्ली की कमी जरूर खलेगी, लेकिन एडरसन के अनुभव और बहुमुखी क्षमता से इस नुकसान की भरपाई करने की कोशिश की जाएगी.

वेस्ली को शनिवार को मिस्र के खिलाफ खेले गए मैत्री मुकाबले के दौरान चोट लगी थी. इस मैच में ब्राजील ने 2-1 से जीत दर्ज की थी, लेकिन मुकाबले के दौरान वेस्ली के बाएं पैर की जांघ की मांसपेशी में खिंचाव आ गया. शुरुआती जांच के बाद उन्हें टीम के मेडिकल स्टाफ की निगरानी में रखा गया, लेकिन बाद में हुए विस्तृत परीक्षणों में पुष्टि हुई कि वह विश्व कप में हिस्सा लेने की स्थिति में नहीं हैं. इसके बाद टीम प्रबंधन ने उन्हें टूर्नामेंट से बाहर करने का फैसला लिया.

ब्राजीलियन फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने अपने आधिकारिक बयान में वेस्ली के प्रति समर्थन जताते हुए कहा कि वह टीम के बेहद लोकप्रिय और महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं. परिसंघ ने स्पष्ट किया कि यह चोट उनके भविष्य को प्रभावित नहीं करेगी और राष्ट्रीय टीम की आगामी योजनाओं में वह महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे.

> कोच कार्लो एंसेलोटी ने कहा कि एडरसन का चयन उनकी निरंतरता, फिटनेस और मध्यपंक्ति में संतुलन बनाने की क्षमता को ध्यान में रखकर किया गया है। उम्मीद है कि वह सोमवार को न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी में चल रहे राष्ट्रीय टीम के प्रशिक्षण शिविर से जुड़ जाएंगे और विश्व कप की तैयारियों में हिस्सा लेंगे।

# स्वीडन के लिंड ने खिताब जीता

**अल जदीदा, ( मोरक्को ) 08 जून करणदीप कोचर ने मोरक्को में 500,000 यूएस डॉलर की इनामी राशि वाले एएम ग्रीन आईजीपीएल भारत क्लासिक के आखिरी दिन बिना किसी 'बोजी' के 4-अंडर 68 का स्कोर किया और इस सीजन में एक और बार टॉप-10 में जगह बनाई.**



चंडीगढ़ के लंबे-कद के गोल्फर टी-9 स्थान पर रहे. साल में तीसरी बार टॉप-10 में रहने के कारण वे एशियन टूर ऑर्डर ऑफ मेरिट में 12वें स्थान पर पहुंच गए. वहीं के लिंड ने खिताब अपने नाम किया.

कोचर ने 66-73-70-68 के राउंड के साथ कुल 11-अंडर का स्कोर किया, जबकि स्वीडन के चार्ली लिंड (69-70-67-64) ने कुल 18-अंडर के स्कोर के साथ शानदार जीत हासिल की. लिंड कोलन कोरिया ओपन में दूसरे स्थान पर रहे थे और इस सप्ताह उन्होंने बहुत ही लगातार अच्छा प्रदर्शन किया, जिससे वे ऑर्डर ऑफ मेरिट में तीसरे स्थान पर पहुंच गए. लिंड ने शानदार अंदाज में जीत हासिल की. उन्होंने 18वें होल पर 'ईगल' लगाकर चार शॉट से जीत दर्ज की. इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) और एशियन टूर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस टूर्नामेंट में अन्य भारतीय आईजीपीएल खिलाड़ियों में, गगनजीत भुल्लर (75-70-69-68) और यशस्वी चंद्रा (75-68-71-68) 6-अंडर के स्कोर के साथ टी-27 स्थान पर रहे.